## लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने कराया सर्वे

# दिल्ली की चार सीटों पर पार्टी के मजबूत होने का दावा

- सर्वे में 'आप' को 46 और भाजपा को 36 फीसद वोट मिलने का अनुमान जताया गया
- कांग्रेस को नौ फीसद वोट मिलने की बात कही, कपिल मिश्र ने सर्वे को झूठा बताया

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 21 अगस्त।

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस के बीच गठबंधन के बजाए अब आमने-सामने की भिड़ंत की तैयारी शुरू हो गई है। 'आप' की ओर से कराए गए एक ताजा सर्वे में यह दावा किया गया है कि आम चुनाव में राजधानी की सात में से चार सीटों पर उसकी स्थिति बेहद मजबूत है, जबकि तीन पर उसका भाजपा से कड़ा मुकाबला है। कांग्रेस को लेकर कहा गया है कि उसे केवल नौ फीसद वोट ही मिलेंगे। सर्वे में 'आप' को 46 फीसद और भाजपा को 36 फीसद वोट मिलने का अनुमान जताया गया है।

दिलचस्प यह भी है कि सर्वे के आधार पर यह भी दावा किया गया है कि 'आप' समर्थक दिल्ली में कांग्रेस से किसी भी किस्म के गठबंधन के खिलाफ हैं। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री व आप के बागी विधायक कपिल मिश्र ने गोवा, पंजाब और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव (डूसू) पूर्व कराए गए 'आप' के सर्वे की याद दिलाते हुए मंगलवार को इस ताजा सर्वे को पूरी तरह झूठा करार दिया। दूसरी ओर कांग्रेस ने इस सर्वे को लेकर अपनी प्रतिक्रिया तक देना जरूरी नहीं समझा। पंजाब व गोवा विधानसभा और डूसू के 2016 के चुनाव के दौरान कराए गए सर्वे में 'आप' ने अपनी जोरदार जीत का दावा किया था। पंजाब में तो पार्टी ने 100 सीटें जीतने का दावा किया था।

कांग्रेस के दिल्ली के मामले देखने वाले एक वरिष्ठ नेता ने 'आप' के इस सर्वे के बारे में कहा कि यह इस लायक भी नहीं है कि इस पर प्रतिक्रिया जताई जाए। उन्होंने चुटकी ली कि इस सर्वे को लेकर 'आप' के बागी विधायक कपिल मिश्रा की प्रतिक्रिया ही काफी है। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस ने केजरीवाल के विपक्ष का हिस्सा बनने की तमाम कोशिशों को पलीता लगाया है। 'आप' नेताओं का यह मानना है कि कांग्रेस उसे हाशिए पर धकेलने की कोशिश कर रही है। शायद यही वजह है कि पिछले साल डूसू चुनाव के मैदान से हटकर कांग्रेस समर्थित एनएसयूआइ के लिए रास्ता साफ करने वाली आम आदमी पार्टी इस साल वहां भी अपने छात्र संगठन को चुनाव मैदान में उतारने पर अमादा है।

'आप' के मुखिया अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पार्टी सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा के उपसभापति पद के चुनाव के बाद लगातार राष्ट्रीय स्तर पर बनने वाले विपक्ष के महागठबंधन के खिलाफ बयान दिए हैं। खास तौर पर कांग्रेस को एक बड़ी बाधा बताया जा रहा है। दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय माकन ने यह कहकर तल्खी और बढ़ा दी कि अगर साल 2013 के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन देकर उसकी सरकार नहीं बनवाई होती तो यह पार्टी इतिहास बन चुकी होती।

# डीडीए से नाराज मुख्यमंत्री ने बैजल को लिखी चिट्ठी

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 21 अगस्त।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल अनिल बैजल को पत्र लिखकर आगामी 8 सितंबर को पूरे शहर में चलाए जाने वाले पौधरोपण अभियान से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अलग रहने पर नाराजगी जताई है।

केजरीवाल ने मंगलवार को लिखे पत्र में उपराज्यपाल से कहा कि पौधरोपण अभियान को लेकर 18 अगस्त को बुलाई गई बैठक में डीडीए का कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचा। इस संबंध में जब उन्होंने उपराज्यपाल को अवगत कराया तो उन्होंने डीडीए उपाध्यक्ष को अगली बैठक में भेजने का वादा किया। लेकिन मंगलवार को एक कनिष्ठ अधिकारी बैठक में आया और उसने कहा कि डीडीए को इस अभियान में इसलिए शामिल होने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पहले ही तीन लाख पौधे लगा चुका है।

मुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल को लिखा है कि डीडीए को 10 लाख पौधे लगाने थे, लेकिन उसने केवल तीन लाख पौधे लगाए हैं और फिर भी वह पौधरोपण अभियान में शामिल होने से इनकार कर रहा है।

# दिल्ली के संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाने की सोच : केजरीवाल

## सिसोदिया ने 2015 में दूसरे चरण की इमारत की रखी थी नींव

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 21 अगस्त।

हमने दिल्ली के संस्थानों और कॉलेजों को दुनिया भर के छात्रों के लिए विश्वस्तर पर प्रसिद्ध ज्ञान केंद्र बनाने की कल्पना की है। हम दिल्ली के सभी संस्थानों में ऐसे विकास और नवाचारों की उम्मीद कर रहे हैं जो उन्हें दुनिया के शीर्ष दस संस्थानों की सूची में स्थान देगा। ये बातें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइआइटी) दिल्ली के परिसर के दूसरे चरण के उद्घाटन के मौके पर मंगलवार को कहीं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी मौजूद थे।



आइआइआइटी दिल्ली परिसर के दूसरे चरण का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री केजरीवाल।

केजरीवाल ने इस उपलब्धि के लिए आइआइआइटी के निदेशक प्रोफेसर पंकज जलोटे और संस्थान के प्रबंधन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब संस्थान में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने की क्षमता बढ़ गई है। शिक्षण अनुकूल वातावरण के लिए संस्थान पूरी तरह से सुसज्जित है।

उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि 2015 में मैंने दूसरे चरण की इमारत की नींव रखी थी। आज ढाई साल बाद यह सपना सच हो गया है। यह पहली बार है कि जब कोई मंत्री, जिसने किसी निर्माण परियोजना की शुरुआत की थी, इसके उद्घाटन समारोह में भी मौजूद है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर जलोटे ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इतने कम समय में दूसरे चरण के निर्माण में पूर्ण समर्थन प्रदान करने के लिए उन्होंने दोनों के प्रति आभार भी जताया।

## 'विधायक अमानतुल्लाह दें एक महीने में जवाब'

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 21 अगस्त।

अदालत ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को उस अर्जी पर जवाब दाखिल करने के लिए एक महीने की मोहलत दी है जिसमें 2010 के एक मामले में खान को आरोप-मुक्त किए जाने के अदालती फैसले को चुनौती दी गई है। 2010 के इस मामले में खान पर दक्षिण दिल्ली की 'जरी इकाईयों' से बाल श्रमिकों को छुड़ाने के दौरान श्रम विभाग के अधिकारियों को धमकाने और उनके काम में रोड़े अटकाने के आरोप थे। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने खान को निर्देश दिया कि वह तारीख 28 सितंबर तक अपना लिखित जवाब सौंपें।

## जामिया कुलपति पद के लिए मांगे गए आवेदन

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 21 अगस्त।

प्रोफेसर तलत अहमद के कश्मीर विश्वविद्यालय का कुलपति बनने के बाद खाली हुए जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति पद के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 13 सितंबर निर्धारित की गई है। जामिया के कुलपति की नियुक्ति जामिया मिल्लिया इस्लामिया अधिनियम के अंतर्गत गठित एक समिति द्वारा सिफारिश किए गए नामों के एक पैनल में से की जाएगी।

# छात्रों के रिपोर्ट कार्ड में डीयू 'फेल'

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 21 अगस्त।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के विद्यार्थियों ने अपने रिपोर्ट कार्ड में विश्वविद्यालय को विफल करार दिया है। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की ओर से कराए गए एक जनमत सर्वेक्षण में 83 फीसद से विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के खिलाफ मत दिया। मंगलवार को जारी किए गए इस रिपोर्ट कार्ड से पहले उत्तरी परिसर में एक रैली का भी आयोजन किया गया।

इस जनमत सर्वेक्षण में डीयू के 21 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 83 फीसद विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के कामकाज को लेकर असंतोष जताया। सर्वेक्षण में आवास, परिवहन, नौकरी व प्लेसमेंट, यौन हिंसा, बुनियादी ढांचा, अकादमिक स्वतंत्रता और सामाजिक भेदभाव से जुड़े सवाल पूछे गए थे। इस सर्वेक्षण में डीयू के 30 कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। नौकरियों और प्लेसमेंट के सवाल पर सिर्फ 15 फीसद छात्र ही संतुष्ट थे। आवास के मुद्दे पर 16 फीसद, परिवहन के मुद्दे पर 13 फीसद, यौन हिंसा के सवाल पर 17 फीसद, बुनियादी ढांचे के मुद्दे पर 20 फीसद और अकादमिक आजादी के मुद्दे पर 18 फीसद विद्यार्थियों से संतुष्टि जाहिर की। संपूर्णता में देखे जाने पर सिर्फ 17 फीसद छात्रों ने अपना संतोष जताया। इसका अर्थ है कि विश्वविद्यालय प्रशासन हर मामले में विफल रहा है। आइसा डीयू की अध्यक्ष कवलप्रीत कौर ने कहा कि यह साफ हो गया है कि डीयू प्रशासन सभी मुद्दों पर विफल रहा है। इसका जवाब विद्यार्थी आने वाले डूसू चुनाव में देंगे।




### 'शोध पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया तुरंत पूरी हो'

क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अन्य संगठनों व छात्रों के साथ मिलकर शोध पाठ्यक्रमों में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की भेदभावपूर्ण दाखिला नीति के खिलाफ आयोजित जनसभा में हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मांग की कि इन पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया को तुरंत पूरा किया जाए। डीयू संबद्ध विभिन्न विभागों में एमफिल और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसपर बाद में रोक लगा दी गई। इस साल एमफिल और पीएचडी के दाखिलों में यूजीसी (एमफिल/पीएचडी उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदंड और प्रक्रिया) विनियम, 2016 में निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा था, जिससे बहुत से छात्र साक्षात्कार के लिए अयोग्य हो गए। इसके खिलाफ विद्यार्थियों की ओर से आवाज उठाए जाने पर डीयू ने दाखिला प्रक्रिया रोक दी थी। मांग की है कि डीयू प्रशासन पुराने नियमों के अनुसार दाखिला जल्द से जल्द शुरू करे।

# खालिद पर हमले के आरोपी पुलिस हिरासत में

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 21 अगस्त।

जेएनयू छात्र उमर खालिद पर हमले के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पुलिस दो दिन तक पूछताछ करेगी। अदालत ने उमर खालिद पर कथित तौर पर हमला करने वाले दो व्यक्तियों को मंगलवार को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। उमर पर 13 अगस्त को कांस्टीट्यूशन क्लब के बाहर हमला हुआ था। इसके एक हफ्ते बाद आरोपियों को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि उन्हें हिरासत में ले कर पूछताछ करने की जरूरत है, जिसके बाद मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दीपक शेरावत ने पुलिस की याचिका को मंजूर कर लिया। हरियाणा के हिसार जिले के फतेहाबाद से 20 अगस्त को गिरफ्तार किए गए दो व्यक्तियों ने दावा किया है कि वे गोरक्षक हैं और गोसुरक्षा के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते थे। आरोपी दरवेश शाहपुर और नवीन दलाल ने पुलिस को बताया कि उनकी योजना 'खौफ से आजादी' कार्यक्रम को बाधित करने की थी। 13 अगस्त को दलाल जब कांस्टीट्यूशन क्लब पहुंचा तो उसे उमर बाहर दिख गए और उसने उन पर हमला कर दिया।

**भारत सरकार**
**लोक उद्यम चयन बोर्ड**
**सेंट्रल माइन प्लानिंग एवं डिजाइन संस्थान लिमिटेड में**
**निदेशक (तकनीकी)**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करते हैं।
लोक उद्यम चयन बोर्ड में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **8 अक्टूबर, 2018 (15.00 बजे तक)** है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
**http://www.pesb.gov.in**
में लॉग इन करें।


## छात्रों ने केरल के लिए जमा की सामग्री

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 21 अगस्त।

आत्मा राम सनातन धर्म (एआरएसडी) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने बाढ़ से प्रभावित हुए केरल के लोगों के लिए जरूरी सामग्री जमा की है। इस कार्य में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर ज्ञानतोष कुमार झा ने बताया कि कॉलेज परिसर के अलावा एनएसएस से जुड़े छात्रों ने फरीदाबाद के सेक्टर-34, सत्य निकेतन, नारायणा और ग्रेटर कैलाश-1 से काफी मात्रा में कपड़े, दवाइयां, खाने की सामग्री, सैनिटरी नैपकिन, जूते-चप्पल और साफ-सफाई का सामान इकट्ठा किया। इस सामान को केरल भवन भेजा गया, ताकि वहां से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। कॉलेज शुरुआत से ही समाज के प्रति अपने दायित्व को लेकर सजग रहा है।

**JAIPUR DEVELOPMENT AUTHORITY, JAIPUR**
Indira Circle, Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur-302004

Location Map (Not to Scale)




**GRAND AUCTION**
**of COMMERCIAL PLOT NO. 8/C/1 (Corner) in VIDHYADHAR NAGAR SCHEME, SECTOR-8, JAIPUR**
**Auction Date : 05.09.2018**
**Time : 2.30 P.M.**

| Area (Sq.Mtr.) | F.A.R. | Height | Maximum Coverage Area | Bid Start Price (Per Sq. Mtr.) | Earnest Money |
|---|---|---|---|---|---|
| 1328.41 | 1.4 | 15 Mtr. (G+3) | 40% | Rs. 1,00,000/- | Rs.30.00 Lacs |

Cordinates: Latitude 26.958962⁰, Longitude 75.788620⁰
**Auction Place : JDA Auction Hall**
For Terms & Conditions of auction please log on Website: www.jda.urban.rajasthan.gov.in or contact
O.S.D. (Resource Mobilization) Ph: 0141-2569696 (7021, 7226, 1128, Cell: 91+9414310207
Deputy Commissioner Zone-2 Cell: 91-9413303053
Raj.Samwad/C/18/3245

**Petronet LNG Limited**
**Regd.Office:** World Trade Centre, First Floor, Babar Road, Barakhamba Lane, New Delhi – 110001
Phone: 011-23411411, Fax: 011- 23472550, **CIN:** L74899DL1998PLC093073
**Email:** investors@petronetlng.com, **Website:** www.petronetlng.com,

**A. Notice of AGM and Book Closure**

Notice is hereby given that the 20th Annual General Meeting of the Members of Petronet LNG Limited shall be held on Friday, the 14th day of September, 2018 at Siri Fort Auditorium, August Kranti Marg, Siri Institutional Area, New Delhi, 110049.

The notice setting out the ordinary and special business to be transacted at the meeting and the Statement pursuant to Section 102 of the Companies Act 2013 attached thereto, together with the Audited Financial Statements (included audited consolidated financial statement) for the year ended 2018 and the Reports of Directors and Auditors thereon etc. has been dispatched / e-mailed to all the Members and the process has been completed on 21st August, 2018.

Notice is also hereby given pursuant to the provisions of Section 91 of the Companies Act 2013 and Rule 10 (1) of Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, that the Registrar of Members and Share Transfer Books of the Company shall remain close from Saturday, 8th September, 2018 to Friday 14th September, 2018 (both days inclusive) for the purpose of AGM and ascertaining the entitlement of dividend, if any, approved in the 20th Annual General Meeting of the Company.

The proposed Dividend of Rs. 4.50 per equity share of face value of Rs. 10 each as recommended by the Board, if declared at the 20th Annual General Meeting, would be paid to those shareholders, whose names appear:

(a) As Beneficial Owners as at the end of the business hour on Friday, 7th September, 2018 as per the list to be furnished by the Depositories in respect of shares held in Electronic form and
(b) As Members in the Register of Members of the Company after giving effect to all valid share transfers in physical form lodged with the Registrar and Share Transfer Agent of the Company on or before Friday, 7th September, 2018.

The Transfer Deeds completed in all respects, requests for change of address etc. in case of shares held in physical form, should be lodged at the office of the Registrar and Share Transfer Agent of the Company viz M/s. Karvy Computer Share Private Limited, Karvy Selenium Tower-B, Plot No. 31&32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad-500032 (Toll Free No. 18003454001), Email:evoting@karvy.com, Website : https://evoting.karvy.com/ on or before 7thSeptember, 2018.

In case of shares held in electronic form, the request for change of address or Bank details etc. should be sent to the respective Depository Participant of the shareholders. The Annual Report for the Financial Year for the year 2017-18 is available on the Website of the Company www.petronetlng.comand for inspection at the Registered Office of the Company during office hours.

**B. NOTICE REGARDING VOTING**

Pursuant to provisions of Section 108 of Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Petronet LNG Limited ("the Company") is pleased to provide members facility through M/s. Karvy Computer Share Private Limited (KCPL) to exercise their right to vote on resolutions proposed to be considered at the 20th Annual General Meeting (AGM) of the Company scheduled to be held on Friday, the 14th day of September, 2018 at 10:00 a.m. at Siri Fort Auditorium, August Kranti Marg, Siri Institutional Area, New Delhi, 110049 by electronic means and the business may be transacted through remote e-voting. The details as required pursuant to the provisions of Companies Act, 2013 alongwith connected rules and other statutory provisions are given here under :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | The business of the meeting may be transacted through remote e-voting system and Company is providing facility for voting by electronic means | Yes |
| (ii) | Date of completion of sending of notices | 21st August, 2018 |
| (iii) | Date and time of commencement of remote e-voting | Monday, 10th September, 2018 at 9.00 a.m. (IST) |
| (iv) | Date and time of end of remote e-voting | Thursday, 13th September, 2018 at 5.00 p.m. (IST) |
| (v) | Voting through electronic means shall not be allowed beyond | Thursday, 13th September, 2018 at 5.00 p.m. (IST) |
| (vi) | Website address of the Company and M/s. Karvy Computershare Private Ltd. Where the Notice of 20th Annual General Meeting is displayed. | www.petronetlng.com<br>https://evoting.karvy.com |
| (vii) | Contact details of the person responsible to address the grievances connected with the remote e-voting. | Shri S. V. Raju, DGM<br>M/s Karvy Computershare Private Limited<br>Karvy Selenium Tower -B, Plot No. 31&32, Gachibowli,<br>Financial District, Nanakramguda,<br>Serilingampally, Hyderabad-500032<br>Toll Free No. 1800 345 4001<br>Email: evoting@karvy.com |

A. The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the 20th AGM may also attend the 20th AGM but shall not be entitled to cast their vote again.
B. During the period of remote e-voting as mentioned above, members of the Company holding shares either in physical form or in dematerialized from, as on the cut-off date i.e. Friday, 7th September, 2018, may cast their vote by remote e-voting. Remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time and the remote e-voting facility shall be blocked thereafter. Once the vote on a resolution is cast by the member through remote e-voting, the member shall not be allowed to change it subsequently or cast the vote again.
C. The voting rights of members shall be in proportion to their shares of the paid up equity share capital of the Company as on the cut-off date i.e. Friday, 7th September, 2018.
D. Any person, who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the Notice of 20th AGM and holding shares as of the cut-off date i.e. Friday, 7th September, 2018, may obtain the login ID and password by sending a request at raju.sv@karvy.com.
E. The facility for voting through ballot paper shall be made available at the venue of 20th AGM and the members attending the meeting who have not already cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through ballot paper.
F. A person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the 20th AGM through ballot paper. A person who is not a member as on cut-off date should treat this Notice for information purposes only.
G. Ms. SavitaJyoti, Practising Company Secretary (CP No. 1796), has been appointed as the Scrutinizer by the Board of Directors of the Company to scrutinize the voting and remote e-voting process in a fair and transparent manner.
H. The Chairman shall, at the 20th AGM, at the end of discussion on the resolutions on which voting is to be held, allow voting with the assistance of Scrutinizer, by use of ballot paper for all those members who are present at the 20th AGM but have not cast their votes by availing the remote e-voting facility.
I. The Scrutinizer shall after the conclusion of voting at the 20th AGM, will first count the votes cast at the meeting and thereafter unblock the votes cast through remote e-voting in the presence of at least two witnesses not in the employment of the Company and shall make, not later than three days of the conclusion of the 20th AGM, a consolidated Scrutinizer's Report of the total votes cast in favour or against, if any, to the Chairman or a person authorized by him in writing, who shall countersign the same and declare the result of the voting forthwith.
J. The Results declared alongwith the Report of the Scrutinizer shall be placed on the website of the Company at https://www.petronetlng.com and on the website of KCPL at https://evoting.karvy.com immediately after the declaration of result by the Chairman or a person authorized by him in writing. The results shall also be immediately forwarded to BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited.
K. The Notice of the 20th AGM is also placed on the website of the Company at www.petronetlng.com and on the website of KCPL at https://evoting.karvy.com. Details of the manner and process of electronic voting have been separately sent to members of the Company and are also contained in the Notice of 20th Annual General Meeting. The same is also available on Website of the Company viz. https://www.petronetlng.com and on the website of M/s Karvy Computer Share Private Limited at https://evoting.karvy.com.
L. The Resolution, if passed by the requisite majority, shall be deemed to have been passed on the date of the 20th Annual General Meeting i.e. Friday, 14th September, 2018.

Place: New Delhi
Date: 21st August, 2018

By order of the Board
For Petronet LNG Limited

(Rajan Kapur)
Vice President- Company Secretary

**Note : No gifts, gift coupons or cash in lieu of gifts shall be distributed to members in the Annual General Meeting or afterwards.**

**Appeal to Members**
**Green Initiative in Corporate Governance**

We solicit your valuable cooperation and support in our endeavour to contribute our bit to the environment and it is earnestly requested again that the Members who have yet not registered / updated their e-mail IDs to notify the same to the Company at investors@petronetlng.com or to the Registrar and Share Transfer Agent of the Company or to the concerned depository.